आज़ादी का अमृत महोत्सव

संसद में सुशील कुमार मोदी

(बजट सत्र 2022-23)

महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर भाषण एवं हस्तक्षेप

विभिन्न समाचार-पत्रों में प्रकाशित लेख

Aatma Nirbhar Bharat Ka Budget brings with it new energy and strength to our development trajectory, especially at a time when we are courageously fighting a once-in-a-lifetime global pandemic. This Budget brings more infra, more investment, more growth and more jobs.

- Narendra Modi

अनुक्रमणिका

1.	राज्यसभा में बजट, 2022–23 पर भाषण	1–11
2.	Appropriation Bill एवं Finance Bill, 2022 पर भाषण	12–24
3.	The Chartered Accountants, The Cost & Works Accountants and The company Secretaries Bill, 2021 पर भाषण	25–29
4.	केन्द्रीय विद्यालय में सांसद कोटा समाप्त करने सम्बन्धी प्रश्न	30–33
5.	**विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित मेरे लेख**	
	I) A Quota Too Many	34–37
	II) Why discretionary quotas in KVs are inherently unfair	38–40
	III) For a United States of GST	41–43
6.	Demand For Investigation of Cases of Bank Fraud Amounting To Rs. 13,000 Crore	44–45
7.	Demand For 'One Nation One Tariff' For Power In India	46–47
8.	रेलवे के ग्रुप 'डी' और NTPC परीक्षार्थियों से जुड़ा मुद्दा	48–50
9.	Demand For Timely Local Body Elections With Reservations For OBCs	51
10.	Demand For Evolving National Policy To Facilitate Retail Traders	52
11.	Demand For High Level Inquiry To Investigate Atrocities Against Pandits In Kashmir	53–54
12.	Demand For Bringing Crypto Assets Under G.S.T.	55–56
13.	Marital Rape संबंधी पूछा गया पूरक प्रश्न	57
14.	Websites पर महिलाओं के अश्लील चित्र डालने से जुड़ा मुद्दा	58
15.	बरौनी खाद कारखाना चालू कराने से जुड़ा मुद्दा	59–60
16.	माँ जानकी के जन्म स्थान पुनौरा धाम से जुड़ा मुद्दा	61
17.	भारत में बाघों की मृत्यु से जुड़ा मुद्दा	62–63

राज्यसभा में बजट, 2022–23
पर
भाषण

Shri Sushil Kumar Modi (BIHAR) : Sir, Smt. Nirmala Sitharamanji is an alumnus of JNU. She does not have a degree from Harvard Business School, जो डिग्री चिदम्बरम साहब के पास है, लेकिन मैं कह सकता हूँ कि in comparison to global financial crisis और Taper Tantrum 2012-13 के समय कांग्रेस ने जो बजट पेश किया था, she has presented 100 times better Budget in such adverse conditions.

महोदय, Spanish flu 1917-18 में आया था, तब भारत में 1.5 करोड़ लोगों की मृत्यु हुई थी। उस समय भारत की आबादी 30 करोड़ थी और 1.5 करोड़ लोग मरे थे।

श्री सुशील कुमार मोदी (क्रमागत) : महोदय, इस कोविड काल में भारत में 5 लाख से ज्यादा लोगों की मृत्यु हो गई, जो अत्यंत दुःखद है, लेकिन महोदय, अमेरिका की आबादी 33 करोड़ है, which is one-fourth of india, and 9,26,000 people died. Brazil has a population of only 21 crore, which is one-seventh of India, but 6,32,000 people died there; Russia's population is one-tenth of India, but 3,35,000 people died there; UK has twenty times less population than India, but two lakh people died there. अगर नरेन्द्र मोदी जी का नेतृत्व नहीं होता और फ्रंटलाइन वर्कर्स, डॉक्टर्स, नर्सेज़ का सहयोग नहीं होता, तो इस देश में 5 लाख नहीं, 50 लाख से ज्यादा लोग मर गए होते। हमारे पास अमरीका, यू.के., फ्रांस, ब्राजील जैसी हेल्थ की सुविधा नहीं है, फिर भी हमने इस देश के 40–45 लाख लोगों को मरने से बचा लिया, नहीं तो कितने लोग मरते कहना मुश्किल है। किसी ने ठीक ही कहा है,

''वसुधा का नेता कौन हुआ?
भूखंड-विजेता कौन हुआ?
अतुलित यश क्रेता कौन हुआ?
नव-धर्म प्रणेता कौन हुआ?
जिसने न कभी आराम किया,
विघ्नों में रह कर काम किया।।''

ये थे माननीय नरेन्द्र मोदी, जिन्होंने विकट परिस्थितियों में देश को नेतृत्व प्रदान किया। आप मज़ाक उड़ाते हैं कि ये लोग फेल हो गए। महोदय, भारत में अब तक 170 करोड़ वैक्सींस लगाई जा चुकी हैं, वहीं अमरीका में 53 करोड़, ब्राजील में 36 करोड़, जर्मनी में 16 करोड़, रशिया में 15 करोड़ और यू.के. में 13 करोड़ वैक्सींस लगाई गई हैं।

महोदय, यह जो वैक्सीन है, यह Made in India, Made by India है। अगर भारत में वैक्सीन नहीं बनी होती, तो 140 करोड़ लोगों को वैक्सीन लगाने के लिए हमें दुनिया के सामने जा कर भीख मांगनी पड़ती कि हमें वैक्सीन दे दीजिए। वर्षों लग जाते, तो भी हम देश के 140 करोड़ लोगों तक वैक्सीन नही पहुँचा पाते।

महोदय, हमने CoWIN का tech platform develop किया, हमने लोगों को QR-coded certificate प्रदान किए, एक लाख cold-chains स्थापित किए और last mile delivery तक वैक्सीन को पहुँचाने का काम किया। महोदय, दुनिया में केवल सात देश हैं, जो वैक्सीन बनाते हैं- USA, China, France, U.K., Russia, Canada और 7वाँ देश भारत है। आज African continent का क्या हाल है? वहां केवल 16 प्रतिशत लोगों को first dose लगी है और केवल 11 प्रतिशत लोगों को second dose लगी है। इतना ही नहीं, भारत ने 150 से ज्यादा देशों को Covid-19 related medical and other assistance देने का काम किया है। 28 जनवरी, 2022 तक हमने दुनिया के 100 से ज्यादा देशों को 14 करोड़, 63 लाख doses vaccine मुफ्त देने या commercial export करने का काम किया है।

महोदय, ये नरेन्द्र मोदी जी ही हैं, जो विपरीत परिस्थितियों में भी कभी विचलित नहीं होते। दिनकर ने ठीक ही कहा,

''सच है, विपति जब आती है,
कायर को ही दहलाती है,
सूरमा नहीं विचलित होते,
क्षण एक नहीं धीरज खोते,
विघ्नों को गले लगाते हैं,
कांटों में राह बनाते हैं।।''

यह नरेन्द्र मोदी जी की ताकत है कि कोरोना काल का भारत ने मजबूती से मुकाबला किया है। महोदय, मैं कल से कांग्रेस के नेताओं का रोजगार के संबंध में भाषण सुन रहा हूँ, पता नहीं उन्होंने अपने शासन के 50 सालों में कितना रोजगार पैदा किया, लेकिन इस बजट का अगर कोई एक फोकस है, that is, 'job, job and job' 'रोज़गार, रोज़गार, रोज़गार।' इसके हरेक पन्ने पर रोज़गार लिखा है, इसके हरेक पन्ने से रोजगार पैदा होता है। महोदय, हम देश को ऐसा विकास दे रहे हैं, जो रोज़गार पैदा करने वाला विकास है, job-oriented growth है, growth with job creation है। महोदय, रोज़गार लोगों को dole देने से पैदा नहीं होता है।

श्री सुशील कुमार मोदी (क्रमागत) : कैश ट्रांसफर देने से income support से रोजगार पैदा नहीं होता है। हमने भी income support दिया है, हमने भी Corona काल में लोगों की मदद की है, लेकिन अगर रोजगार पैदा होता है तो Capital Expenditure से पैदा होता है, अगर रोजगार पैदा होता है तो Manufacturing से होता है। किसी ने ठीक ही कहा –

''न पूछो कि मेरी मंजिल कहां है,
अभी तो सफर शुरू किया है,
न हारूंगा हौसला उम्र भर,
मैंने किसी से नहीं, खुद से वादा किया है।''

श्री नरेन्द्र मोदी ने केवल जनता से नहीं, खुद से वादा किया है।

महोदय, Capital Expenditure का जिक्र हो रहा है। पिछले चार सालों में India would be spending, if you include 2023, Rs. 20 lakh crore. इस साल को मिलाकर पिछले चार सालों में हम बीस लाख करोड़ रूपये Capital Expenditure पर खर्च करने जा रहे हैं या खर्च कर चुके हैं। आज तक आज़ाद भारत का इतना बड़ा कैपिटल एक्सपेंडिचर कभी नहीं हुआ था। इसलिए इस साल के बजट में Capital Expenditure Rs. 7,50,000 crore; का प्रावधान किया गया है। the outlays have been increased by 35 percent. 1 लाख करोड़ Capital Expenditure through grant-in-aid to States, अगर उसे जोड़ लें तो effective Capital Expenditure is Rs. 10,68,000 crore which is

4.1 percent of the GDP. Capital Expenditure का multiplier effect होता है। If Revenue Expenditure increases by Rs. 100, then, only Rs. 98 is added to economy but if you spend Rs. 100 as Capital Expenditure, Rs.245 is added to the economy in the same year और बाद के वर्षों में 480 रूपये इकोनॉमी के अंदर ऐड होते हैं। Capital Expenditure demand भी create करेगा, supply side को भी देखेगा। It would crowd in private investment. There would be huge job creation. Contractor, Supplier, Skilled technicians, Cement, Steel, Sand आदि हर चीज की डिमांड बढेगी।

महोदय, एक लाख करोड़ रूपये सरकार ने राज्यों को Capital Expenditure के लिए दिये और वह भी 50 years' interest-free loan. कांग्रेस ने कभी राज्यों को 50 साल के लिए interest-free लोन Capital Expenditure के लिए दिया था? In road sector, we would be spending Rs. 2,42,000 crore. That is the highest ever expenditure in the road sector and we would be building 25,000 K.M. National Highways in the year 2023.

महोदय, इस बार के road के Budget में हमने कोई borrowing नहीं की है। इसके पहले 65 हजार करोड़ हमने नेशनल हाइवे के लिए Borrowing की थी and this year we have supported the National Highway with the Budgetary support. They would not be taking a single penny as a borrowing. केवल road sector ही नहीं, अन्य Sector में भी बड़े पैमाने पर Capital Expenditure कर रहे हैं, Defence पर Rs. 1,52,000 crore, Railway पर Rs. 1,37,000 crore, Telecom पर Rs. 54,150 crore, Metro पर Rs. 19,130 crore, Atomic energy पर 1.9 per cent of Capital Expenditure. अगर इससे रोजगार पैदा नहीं होंगे, तो किससे रोजगार पैदा होंगे, आप ही बता दीजिए कि कैसे रोजगार पैदा होते है?

महोदय, 'प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना' के लिए 2021-22 का Rs. 14,000 crore का Budget था, there has been a 27 per cent

increase in the P.M. Gram Sadak Yojana to Rs. 19,000 crore. क्या 'प्रधान मंत्री सड़क योजना' से रोजगार पैदा नहीं होगा? 'नल जल योजना' से हम 3.8 crore घरों में Rs. 60,000 crore रूपये खर्च करके अगर tap water supply पहुँचायेंगे तो क्या jobs create नहीं होगा? अगर प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत 80 लाख घरों को पूरा करने के लिए Rs. 48,000 crore खर्च कर रहे हैं, तो क्या इससे रोजगार पैदा नहीं होगा?

महोदय, मुझे बहुत हंसी आती है और दुःख भी होता है कि चिदम्बरम साहब और कपिल सिब्बल जी जैसे लोग R.E. से B.E. से तुलना कर रहे हैं। They are comparing Revised Estimates with the Budget Estimates.

श्री सुशील कुमार मोदी (क्रमागत) : चिदम्बरम साहब, आप तो कई बार वित्त मंत्री रह चुके हैं, इतना तो आपको मालूम है कि हमेशा Budget Estimates को Budget Estimates से compare करते हैं न कि Revised Estimate से। अगर 'मनरेगा' में पिछली बार 72,000 करोड़ रूपये थे और बाद में हमने इन्क्रीज किया। इस बार भी बजट में उतना ही रखा, जितना पिछली बार था। Now, you are comparing the Budget Estimate of 2022-23 with the Revised Estimate of 2021-22.

महोदय, 2020 से 2025 तक 111 लाख करोड़ रूपए we will be spending on the NATIONAL INFRASTRUCTURE PIPELINE (NIP). It will be a world-class infrastructure.

महोदय, इतना ही नहीं **'प्रधान मंत्री गति शक्ति'**, जो कि रोड, रेलवे, एयरपोर्ट, पोर्ट, mass transport, waterways, logistics के projects pertaining to seven engines of growth in the NIP will be aligned with the PM Gati Shakti Programme. पीएम गति शक्ति और एनआइपी, इन दोनों को align किया गया है। multi-model connectivity, world-class modern infrastructure and logistic synergy among different modes of movement.

आप मेन्युफैक्चरिंग की बात करते हैं। Productivity-Linked Incentive Scheme, के अन्तर्गत 14 सेक्टर्स में 30 लाख करोड़ से ज्यादा का एडिश्नल प्रोडक्शन अगले 5 साल में करेंगे and Rs. 3,46,000 crore

will be spent as a incentive to the industries in 14 sectors. 76 हजार करोड़ सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में, as an incentive, खर्च करने वाले हैं। हमारे देश के अंदर सोलर PVS नहीं हैं। सोलर प्लेट्स को चाइना से इम्पोर्ट करना पड़ता है। हम निर्मला जी और प्रधान मंत्री जी का धन्यवाद देंगे कि this year she has increased from Rs. 4,500 Crore to additional Rs. 19,500 crore for manufacturing of solar panels. Sir, there will be 280 GW of installed solar capacity by the year 2030. हम वर्ष 2030 तक 280 गीगावॉट सोलर कैपेसिटी पैदा करेंगे।

महोदय, चाहे सेमीकंडक्टर्स हों, ऑटो कंपनीज़ हो, automobiles हों, इलेक्ट्रोनिक्स हों, कैमिकल्स हों, फॉर्मा हों, medical devices हों, फूड प्रोसेसिंग हो, टेलीकॉम हो, textile हो white goods हों, drones हो, इन पर हम इतनी बड़ी राशि खर्च करने जा रहे हैं और आप कहते हैं कि रोजगार कहाँ से पैदा होगा? माननीय उपसभाध्यक्ष जी, नरेन्द्र मोदी जी लम्बे समय तक गुजरात के मुख्यमंत्री थे। उनको मालूम है। जैसा किसी ने कहा–

'हम तो दरिया हैं, हमें अपना हुनर मालूम है,
हम जहाँ से जायेंगे, वह रास्ता बन जाएगा।
अगर देखना चाहते ये मेरी उड़ान को,
(अगर नरेन्द्र मोदी की उड़ान को देखना चाहते हो)
तो जाओ उंचा करो आसमान को'।

आप आसमान को जितना उंचा कर सकते हो, करो, हम अपना हुनर दिखायेंगे।

उपसभाध्यक्ष जी, ये जमाना metaverse का है, web-3, artificial intelligence का जमाना है और आप कहते हैं कि डिजिटल से क्या होगा? कपिल सिब्बल जी, आप तो कम से कम इस तरह की बात मत किजिए। दुनिया में अभी तक 9 देश हैं, जिन्होंने डिजिटल करेंसी लॉंच की है, and all these countries are nation islands, Bahamas जैसे छोटे–छोटे देश हैं, जिनकी आबादी 4 लाख या 5 लाख होगी, उन्होंने डिजिटल करेंसी लॉंच की है।

India will be the tenth country in this world which will be launching digital currency. इससे transparency in transaction, reducing use of black money, cheaper currency management, more secure and risk-free online payment, inter-bank settlement not required and handling, printing, logistics management of cash आसान होगा और आप इसका मज़ाक उड़ा रहे हैं? महोदय, क्या बिना digitization, के आप दुनिया की प्रगति की दौड़ में survive कर सकते हैं?

बजट में घोषणा की गई है कि 75 जिलों के अंदर डिजिटल बैंकिंग यूनिट्स स्थापित किए जायेंगे। 'आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन' और डिजिटल यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाएगी। High Speed Optic Fibre वर्ष 2025 तक देश के सभी गाँवों तक पहुँचा दिये जायेंगे। Sir, E-Passports, National Tele Mental Health Programme, Animation, Visual Effects, Gaming and Comics, इसके task force का गठन किया जाएगा, जिसमें 20 लाख जॉब्स का पोटेंशियल है।

श्री सुशील कुमार मोदी (क्रमागत) : सर, अभी यादव जी कह रहे थे कि किसान ड्रोन का इस्तेमाल कैसे करेंगे? मैं उन्हें बताना चाहता हूँ कि for spraying of insecticides, for crops assessment; the Government will use these things और जो प्रगतिशील किसान हैं, वे ड्रोन का इस्तेमाल करेंगे।

सर, चिदम्बरम जी और कपिल सिब्बल जी कह रहे थे कि चैनल्स से क्या होगा, लेकिन आपको पता ही नहीं है, क्योंकि आप कभी गाँव में रहे ही नहीं। बिहार के हर घर तक बिजली पहुँच चुकी है। देश का एक भी गरीब नहीं होगा, जिसके घर में बिजली नहीं पहुँची होगी और आप कहते हैं कि टीवी नहीं है! महोदय, केवल बिहार में दो करोड़ बच्चे स्कूल से बाहर हो गए। हमारी सरकार ने तय किया है और कहा है कि हम पहली क्लास से बारहवीं क्लास तक के लिए 12 की बजाए 200 चैनल्स launch करने जा रहे हैं।

महोदय, post office कल तक केवल letter और money order पहुँचाने का काम करते थे। अभी तक 20,000 post offices have been converted into core banking and Government has decided

that in the coming years, more than 1,50,000 post offices will be converted into core banking.

सरकार digital payment को प्रमोट करेगी and there will be world class foreign university. जब इतना डेटा पैदा होगा, data explosion होगा, तो हमें data centre की आवश्यकता पड़ेगी। इतना ही नहीं, सरकार ने यह भी तय किया है कि contractors, suppliers का जो बिल होगा, उसका 75 per cent bill will be paid within ten days और यह e-bill system में होगा। Everything will be submitted online. There will be digitally signed bills.

महोदय, यह नरेन्द्र मोदी जी ही हैं, जो मुश्किलों से भागते नहीं है। किसी ने कहा है :

'' मुश्किलों से भाग जाना आसान होता है,
हर पहलू जिन्दगी का इम्तिहान होता है।
डरने वालों को मिलता नहीं कुछ जिन्दगी में,
लड़ने वाले के कदमों में जहान होता है।''

ऐसे लोगों के कदमों में जहाना होता है, पूरी दुनिया उनके कदमों में होती है।

महोदय, अब मैं टेलीकॉम के संबंध में कहना चाहता हूँ। सिब्बल साहब तो टेलीकॉम मिनिस्टर भी थे। हम 5G launch करने जा रहे हैं। इस साल उसका auction हो जाएगा और साल का अंत होते-होते हम 5G launch कर देंगे। Do you know the speed of 5G? It will be having 10,000 to 30,000 megabytes per second. 4G की स्पीड कितनी है? 4G की स्पीड 100 से 300 मेगाबाइट्स प्रति सेकंड है। इतना ही नहीं, 5G के auction से एक लाख करोड़ रूपए मिलेंगे। हम लोगों ने सितम्बर, 2021 में Telecom Reforms Package की घोषणा की थी, जिससे वित्तीय वर्ष 2022-23 में इस इंडस्ट्री के रेवेन्यू में 30,000 करोड़ रूपए की वृद्वि होगी।

महोदय, हमने बीएसएनएल को 2019 में पैकेज दिया था। सरकार ने बीएसएनएल को 45,000 करोड़ रूपए का capital outlay provide किया है। बीएसएनएल को भी इस साल 4जी में convert करेंगे। सरकार केवल 5जी ही नहीं ला रही है, बल्कि आज 6जी को लेकर meeting है, यानी भारत अभी से 6जी की तैयारी कर रहा है कि 6 जी का standard क्या होगा।

महोदय, जब से Direct Benefit Transfer Scheme launch हुई है, तब से अभी तक सरकार 21 लाख करोड़ रूपए beneficiaries के खाते में पहुँचा चुकी है। इससे 2,22,000 करोड़ रूपए की सेविंग हुई है। भारत सरकार को केवल Direct Benefit Transfer Scheme के द्वारा 2,22,000 करोड़ रूपए की बचत हुई है। इसके लागू होने से चार करोड़ डुप्लिकेट राशन कार्ड्स रद्द कर दिए गए, चार करोड़ से ज्यादा एलपीजी के fake connections खत्म कर दिए गए, reduction of 120 lakh matric tonnes of fertilizer sale to retailers में मदद मिली है।

महोदय, 2014 में जब नरेन्द्र मोदी जी प्रधान मंत्री बने, तब मोबाइल फोन की केवल दो मैन्युफेक्चरिंग यूनिट्स थी और 2020-21 में, 200 manufacturing units of mobile phones are in India. 2014-15 में जहाँ हम 6 करोड़ मोबाइल्स तैयार कर रहे थे, 2020-21 में, we have manufactured more than 30 crore of mobile phones in this country itself.

श्री सुशील कुमार मोदी (क्रमागत) : And, in Unified Payment Interface, हमने यूपीआई के द्वारा एक साल में Rs. 3,874 crores ट्रांजेक्शंस किए हैं, जिनकी value 72 लाख करोड़ है।

महोदय, कल प्रधान मंत्री महोदय स्टार्टअप्स का जिक्र कर रहे थे। Unicorn उसे कहते हैं, जिसकी value सात हजार करोड़ से ज्यादा होती है। महोदय in the year 2021 during pandemic, 44 Startups have reached the status of unicorn in a single year. 14 जनवरी, 2021 तक 83 unicorns with a total value of 277 billion dollars, यानी 83 unicorns की value सात हजार करोड़ से ज्यादा हो चुकी है। आज इंडिया, यूएसए और चाइना के बाद, Unicorns और Startups के मामले में पूरी दुनिया में तीसरे नंबर पर है। मैं सदन को यह भी बताना चाहूँगा कि Rupees five lakh fifty thousand crores were invested by venture capital and private equity in the startup ecosystem which in one of the largest in this world.

उपसभाध्यक्ष महोदय, यह सरकार इतना काम कर रही है। किसी ने कहा हैः-

''मंजिल उन्हीं को मिलती हैं,
जिनके सपनों में जान होती है,
पंख से कुछ नहीं होता है,
हौसलों से उड़ान होती है।''

महोदय, चाइना, जापान और स्विट्ज़रलैंड के बाद आज इंडिया के पास world में highest Foreign Exchange Reserve है। We have the highest FDI inflow. यह Covid disruption के बाद highest FDI inflow in this country है। In exports, हम 3,00 billion export merchandise का आँकड़ा cross कर चुके हैं and, for the first time, हम 4,00 billion export merchandise का आँकड़ा पार करेंगे। जीएसटी के अंदर record revenue collection Rupees one lakh forty thousand crores और यह pandemic के बावजूद हुआ है । इस पूरे financial year में हमने record revenue collection किया है।

महोदय, 'उड़े देश का आम नागरिक' (उड़ान), के तहत अभी तक 86 लाख लोगों ने 'उड़ान' का इस्तेमाल किया है। अगर 'उड़ान' योजना नहीं होती, तो गरीब, चप्पल वाले लोग 'उड़ान' का इस्तेमाल नहीं कर पाते ।

उपसभाध्यक्ष (श्री भुवनेश्वर कालिता) : सुशील कुमार मोदी जी, आप wind up कीजिए। **....** (समय की घंटी)**....**

श्री सुशील कुमार मोदी : सर, मैं दो मिनट और लूँगा।

In IPOs, in the year 2021-22, so far Rs. 89,066 crore has been raised by 75 IPOs. जो पिछले दस साल का highest है।

अंत में, मैं बताना चाहूँगा कि 25th January को International Monetary Fund की World Economic Outlook Report आई है। Report के अनुसार India's real GDP is projected to grow at 9 per cent in both 2021-22 and 2022-23 and at 7.1 per cent in 2023-24. This projects India as the fastest-growing major economy in the world in all these three years. इन तीन सालों के अंदर भारत दुनिया के सबसे ज्यादा तेज गति से विकास करने वाले देशों में होगा।

महोदय, India Today का Mood of the Nation Survey आया है। यह हमारा survey नहीं है, India Today Magazine का survey है और वे कहते हैं कि 68 per cent people are satisfied with the performance of the Narendra Modi Government. यह pandemic के बावजूद है। महोदय, मैं एक मिनट और लूँगा। एक International global consulting firm है, उसने सर्वे किया। चार दिन पहले mint में आया है कि 'नमो' की popularity 72 per cent है, Mexico के President की popularity 64 per cent है, Italian PM की popularity 57 per cent है, जापान 47 per cent और Joe Biden केवल 41 परसेंट पर हैं।

श्री सुशील कुमार मोदी, (क्रमागत) : महोदय, मैं अंत में यही कहूँगा :

''लहरों को साहिल की दरकार नहीं होती,
हौसले बुलंद हों तो दीवार नहीं होती,
जलते हुए चिराग ने आँधियों से यह कहा,
उजाला देने वालों की कभी हार नहीं होती।''

उपसभाध्यक्ष महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ मैं निर्मला जी को इस बजट के लिए धन्यवाद देता हूँ।

Appropriation Bill एवं Finance Bill, 2022
पर
भाषण

श्री सुशील कुमार मोदी (बिहार) : माननीय उप सभापति महोदय, मैं एप्रोप्रिएशन बिल, 2022-23 और फाइनेंस बिल, 2022-23 के पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूँ। आज से ठीक दो वर्ष पूर्व 24 मार्च, 2020 को इस देश में लॉकलाडन लागू किया गया था।

श्री सुशील कुमार मोदी (क्रमागत) : COVID के दौरान National Disaster Management ACt, 2005 invoke किया गया था, जिसे अब वापस ले लिया गया है। पिछले 2 सालों में देश को एक लम्बे समय तक lockdown से गुजरना पड़ा, देश के लाखों मजदूरों को, चूँकि उनकी फैक्टरियाँ बन्द हो गयी थीं, उनकों ट्रेनों में बैठ कर अपने-अपने गाँव लौटना पड़ा। इस संकट के दौर से पूरे देश को गुजरना पड़ा। तरह-तरह की बंदिशें लगायी गयीं। महोदय, इस lockdown के खिलाफ यद्यपि विपक्ष के लोगों ने गरीबों को भड़काने का प्रयास किया, लेकिन पूरे हिन्दुस्तान में एक भी जगह कोई धरना, प्रदर्शन या बन्द नहीं हुआ। एक भी नागरिक या मजदूर lockdown के खिलाफ सड़कों पर नहीं उतरा।

महोदय, इसके बाद टीकाकरण प्रारम्भ हुआ। टीकाकारण का मज़ाक उड़ाया गया। अभी तक 181.56 करोड़ डोज टीका लग चुका है। शुरू में hesitancy थी, लोगों में संशय था, लेकिन टीके के विरोध में कहीं कोई सड़कों पर नहीं आया। महोदय, फ्रांस, न्यूजीलैंड, यूनाइटेड स्टेट्स, आस्ट्रेलिया और जर्मनी में हजारों लोग vaccination के विरोध में सड़कों पर आ गये। Lockdown के विरोध में न्यूजीलैंड के अन्दर 40,000 लोग सड़कों पर आयें। उनको गिरफ्तार करना पड़ा, लाठी चार्ज करना पड़ा। महोदय, अगर आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी ने कठोर Lockdown लागू नहीं किया होता और जिस तरह से टीकाकरण का काम चालू किया, अगर वह नहीं किया होता, तो देश के अन्दर 5 लाख नहीं, बल्कि 50 लाख लोग मरे होते। हमारे प्रधानमंत्री जी ने 45 लाख और लोगों को मरने से बचा लिया।

उप सभापति महोदय, बिल गेट्स Microsoft के Chief Executive एवं MD हैं, उन्होंने भारत के बारे में कहा कि 'India has delivered over sixteen crore doses of Covid-19 vaccines to nearly 100 countries. Thanks to Indian manufacturers." आपने धन्यवाद दिया या नहीं दिया, लेकिन माइक्रोसॉफ्ट के CEO बिल गेट्स ने भारत की सरकार और manufacturers को धन्यवाद दिया।

महोदय, मैं lockdown का जिक्र कर रहा था। आप कनाडा के बारे में जानते हैं! कनाडा के अन्दर, Freedom Convoy-22, के दौरान अन्तर्राष्ट्रीय Ambassador Bridge जो कनाडा और अमेरिका को जोड़ता था, वहाँ के truckers ने उसको एक महीने से ज्यादा समय तक जाम कर दिया। 21 दिनों तक 12-12 घंटे हॉर्न बजाकर कोविड के प्रतिबंधों एवं टीकाकरण का विरोध करते रहे। कनाडा में ऐसे हालात पैदा हो गये कि वहाँ के प्रधानमंत्री को अपने परिवार सहित राजधानी छोड़कर अज्ञात स्थान पर जाना पड़ा। महोदय, फिर भी जब turckers को vaccination के खिलाफ रोक नहीं पाये, तो उनको emergency लगानी पड़ी। कनाडा के इतिहास में यह पहली घटना है कि vaccination के विरोध में जो लोग सड़कों पर आये थे, उनको रोकने के लिए सरकार को emergency लागू करनी पड़ी।

महोदय, यह था कनाडा, यह था यूरोप। लेकिन ये वही Canadian Prime Minister हैं, जो भारत के अन्दर किसान आन्दोलन के समर्थन में बयान दे रहे थे और कह रहे थे कि मैं शान्तिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के साथ हूँ, लेकिन जब अपने देश के अन्दर ट्रकवालों की हड़ताल हुई, तो कहते हैं कि यह तुरत बन्द होना चाहिए। ये वही व्यक्ति हैं, जिसने emergency लगायी, हजारों लोगों को पकड़कर जेलों के अन्दर बन्द कर दिया। महोदय, इस देश के प्रधान मंत्री के प्रति लोगों का जो भरोसा था, यह उसी का परिणाम था कि कोई भी व्यक्ति सड़क पर नहीं आया, किसी ने विरोध नहीं किया, चाहे वह टीकाकरण हो या lockdown हो। हमने सफलतापूर्वक Covid-19 का मुकाबला किया है।

महोदय, यहाँ बार-बार सरकार पर पूँजीपतियों को संरक्षण देने का आरोप लगता रहता है। मैं विपक्ष के साथियों से पूछना चाहता हूँ कि अगर 19 महीनों तक इस देश के 80 करोड़ गरीबों को 5 किलो अनाज प्रतिमाह मुफ्त दिया गया, तो क्या वह अनाज अम्बानी और अडाणी के खाते में गया या इस देश के 80 करोड़ लोगों के घरों के अन्दर गया?

महोदय, अभी तक 2 लाख, 68 हजार करोड़ रूपए का अनाज वितरित किया जा चुका है। मैं आदरणीय प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूँगा कि 2 दिन पहले यह निर्णय लिया गया है कि मुफ्त अनाज वितरण को 6 महीनें के लिए बढ़ाया जाए।

श्री सुशील कुमार मोदी (क्रमागत) : 80 करोड़ लोगों को छह महीने तक अनाज देंगे, उससे 80 हजार करोड़ रूपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा, जिसका हम बजट में प्रावधान करेंगे, लेकिन किसी गरीब को भूखे नहीं मरने देंगे। हम किसी गरीब को भूखा नहीं सोने देंगे। दुनिया का सबसे बड़ा, world's largest food security कार्यक्रम सरकार लागू कर रही हैं।

महोदय, हम 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की बात करने वाले लोग है। यूक्रेन संकट के दौरान केवल भारत के 20,000 लोगों को ही evacuate करने का काम नहीं किया, बल्कि हमनें 18 देशों के 150 से ज्यादा नागरिकों को यूक्रेन से निकालने का काम किया है। हमारी सरकार ने यूक्रेन, पौलैंड, रोमानिया, स्लोवाक रिपब्लिक जैसे देशों को 90 टन relief material भी देने का काम किया है। महोदय, अफगानिस्तान से हमारे राजनयिक संबंध नहीं है, फिर भी हमने 50,000 मेट्रिक गेहूँ देने का एलान किया है। हम 5 लाख डोज़ वैक्सीन दे चुके हैं और 13 टन life-saving medicines दे रहे हैं। महोदय, हमारे बगल का पड़ोसी देश श्रीलंका भंयकर आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। हमने अन्य पड़ोसी देशों के साथ श्रीलंका की भी चिंता की और 1 billion dollar यानि लगभग सात हजार करोड़ रूपए का credit line श्रीलंका को उपलब्ध कराया, ताकि वह essential commodities, food, medicines आदि भारत से खरीद सके। अब तक कुल 2.4 billion dollar यानी करीब 16 हजार करोड़ रूपए से ज्यादा की आर्थिक मदद क्रेडिट के रूप में हमने श्रीलंका को देने का काम किया है।

महोदय, विपरीत परिस्थितियों के बावजूद हमने record direct tax collection किया है, जिसमें Corporate Tax और Income Tax दोनों शामिल हैं। Budget Estimate 11.08 लाख करोड़ का था, जिसे Revised Estimate में 12.5 लाख करोड़ किया गया और हम अभी तक target से 1 लाख, 1 हजार करोड़ रूपए ज्यादा संग्रह कर चुके हैं और 31 तारीख आते-आते हम रिकॉर्ड संग्रह करने में सफल होंगे। सरकार ने 13 लाख, 63 हजार करोड़ रूपए संग्रह किया, यह वर्ष 2020-21 से 38 परसेंट ज्यादा है। 2019-20 से 36.6 परसेंट ज्यादा है और वर्ष 2018-19 की Pre-pandemic period से 32.7 परसेंट ज्यादा है। इसका मतलब है कि अब आर्थिक विकास की गाड़ी धीरे-धीरे पटरी पर लौट रही है।

महोदय, बार-बार जीएसटी की चर्चा होती है। सदन को यह ज्ञात है कि हम अभी तक 13 लाख, 41 हजार करोड़ रूपए जीएसटी संग्रह कर चुके हैं। एक साल में पाँचवीं बार हमने 1 लाख, 30 हजार करोड़ के target को क्रॉस किया है। यानि पाँच महीने ऐसे हैं, जहाँ प्रतिमाह हमने 1 लाख, 30 हजार करोड़ रूपए संग्रह किए गए हैं।

महोदय, एक बड़ी चुनौती पूरे देश और सारे राज्यों के सामने है क्योंकि पाँच साल के लिए compensation का वायदा किया गया था, उसकी अवधि 31 जून को पूरी हो रही है। 1 जूलाई, 2022 के बाद compensation नहीं मिलेगा। राज्यों को प्रतिवर्ष 1 लाख करोड़ रूपए से ज्यादा का नुकसान होगा। आखिर वह कहाँ से आएगा, कैसे आएगा? 5 साल के लिए compensation assure किया गया था कि प्रतिवर्ष 14 परसेंट की year-on-year growth provide करेंगे और यदि 14 परसेंट से कम की growth होगी, तो बीच का gap है, उसे compensation से provide किया जाएगा।

सरकार ने यह भी कहा था कि compensation खजाने से नहीं देंगे। अलग से एक Compensation Fund Create किया जाएगा। कोयला, पान, मसाला, सॉफ्ट ड्रिंक्स, लक्ज़री गाड़ियों पर 28 परसेंट जीएसटी के उपर cess लगयाा गया। over and above 28 परसेंट और उससे जो

राशि आएगी, उसे Compensation Fund में रखा गया तथा उससे राज्यों के क्षतिपूर्ति की भरपाई की जा रही थी। जब 30 जून को compensation period समाप्त हो जाएगा, तो आगे क्या होगा?

श्री सुशील कुमार मोदी (क्रमागत) : जीएसटी काउंसिल ने निर्णय लिया है कि compensation cess को मार्च 2026 तक बढ़ा दिया जाए। भारत सरकार ने कोरोना काल में राज्यों को लोन लेकर compensation provide किया है। चूँकि सेस में इतना पैसा नहीं था और राज्यों को जरूरत थी, इसलिए Rs. 1.1 lakh crore in the year 2020-21 and Rs. 1.59 lakh core in the year 2021-22 ; यानि 2.69 लाख करोड़ रूपए बैंक टू बैंक गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ने लोन लेकर राज्यों को राहत पहुँचाने का काम किया है। यह लोन with interest वापस करना पड़ेगा। यह जो 2.69 लाख करोड़ रूपए का लोन है, इसका interest 54,000 करोड़ रूपए होता है, यानि हमें कुल 3.23 लाख करोड़ रूपया repay करना है। इसके अलावा 2020-21 और 2021-22 के जो arrears है, that is, about Rs. 3.16 lakh crore, चूँकि हमने 14 परसेंट ग्रोथ assure की थी, लेकिन कोविड में सरकार ने कहा कि 14 परसेंट ग्रोथ देना संभव नहीं है, इसलिए हम केवल 7 परसेंट ग्रोथ प्रोवाइड करेंगे यानी कुल मिला कर Rs. 6,39,000 crore, which includes Rs. 3.23 lakh crore as the interest plus the principal repayment, जो Compensation arrears हैं, उसको repay करना है। महोदय, compensation period को बढ़ाया गया है, उसमें जो भी राशि प्राप्त होगी, वह राशि 6.39 लाख करोड़ रूपए को repay करने में ही खर्च हो जाएगी।

Rate rationalization के लिए कमेटी बनी हुई है, लेकिन कोविड के कारण crisis की स्थिति है, उसमें टैक्स को रिवाइज नहीं किया जा सकता। कोई टैक्स बढ़ा नहीं सकते हैं। यह समय टैक्स बढ़ाने का उपयुक्त समय नहीं है, इसलिए जीएसटी काउंसिल को इस बात को विचार करना होगा और यह जिम्मेवारी केवल केन्द्र सरकार की नहीं है और जैसा कि मैंने कहा कि केन्द्र ने यह आश्वासन नहीं दिया था कि हम आपकों अपने खजाने से 14 परसेंट की ग्रोथ compensate करेंगे। यह जो सेस की आमदानी

होगी, उसके द्वारा उसकी क्षतिपूर्ति की जानी थी। अब जीएसटी काउंसिल को यह निर्णय लेना है कि आगे आने वाले दिनों में राज्यों को होने वाली एक लाख करोड़ रूपए से ज्यादा की जो क्षति है, उसकी पूर्ति कैसे होगी।

महोदय, मैं निर्मला जी को धन्यवाद देना चाहूँगा कि क्रिप्टों के बारे में जितने भ्रम थे, उन्होंने सारे भ्रमों को दूर करने का काम किया है। उन्होनें 30 percent income from transfer of crypto assets plus cesss and surcharge लगाया है। Mining is not part of acquisition cost, 1% TDS is for tracking the transaction. Crypto और NFT के बारे जो advertisements हैं,उनमें भी risk disclaimer देना पड़ेगा।

महोदय, यह क्रिप्टों आखिर क्या है। It is neither a commodity, nor an asset; it is not a good; it is not a service. आखिर यह क्या है? इसकी कोई intrinsic value नहीं है, इसके पीछे किसी कंपनी की ताकत नहीं है। मैं तो निर्मला जी से आग्रह करूँगा कि आपने इस पर 30 परसेंट का टैक्स लगाया है, इसे आगे आने वाले दिनों में बढ़ाने पर विचार करना चाहिए। महोदय, यह क्रिप्टों gambiling है, जुआ है। यह एक प्रकार की lottery है, एक प्रकार की horse racing है, अगर आप किसी शेयर में पैसा लगाते हें, तो आपको मालूम है कि टाटा या कोई और कंपनी उसके पीछे है, लेकिन क्रिप्टों के पीछे कौन है? इस पर जापान ने 55 परसेंट, जर्मनी, फ्रांस, ऑस्ट्रिया ने upto 45 per cent, यूएस ने 37 परसेंट तक टैक्स लगाया है, इसलिए मैं निर्मला जी से आग्रह करूँगा कि आप इस पर विचारा कीजिए कि क्या हम आगें आने वाले दिनों में क्रिप्टों पर 30% परसेंट से ज्यादा टैक्स लगाने का विचार कर सकते हैं?

श्री सुशील कुमार मोदी (क्रमागत) : महोदय, क्रिप्टो से पैसा कमाने वाले लोगों को 30% से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है, क्योंकि क्रिप्टों करेंसीज का जो CAGR (Compounded Average Growth Rate) है, वह बिटकॉइन का 115% है, Ethereum का 30% है, Binance Coin का 151% है। So, investors are attracted by exteraordinay profits. महोदय, Swaminathan Ankleswar Aiyar ने अपने एक आर्टिकल में लिखा – Cryptocurrency has no underlying value not even a tulip of 17th Century speculative bubbles. 17वीं शताब्दी

में यूरोप के एक देश के अंदर Tulip के फूल के लिए होड़ मच गई, हर आदमी Tulip खरीद रहा था उसका दाम 200 गुना हो गया, लेकिन एक दिन अचानक जब bubbles brust हुआ, तब हजारों लोग कंगाल हो गए। Tulip की कीमत कम से कम एक रूपया तो होगी, लेकिन क्रिप्टों की कीमत क्या है, यह कोई नहीं जानता है।

महोदय, यूक्रेन ने सात दिन पहले क्रिप्टोंकरेंसी को legalize कर दिया। Dubai में Dubai Virtual Asset Regulatory Authority का गठन किया गया है। ब्रिटेन ने भी Crypto स्टडी करने का निर्णय लिया है। क्रिप्टों करेंसी में बड़े पैमाने पर फ्रॉड हो रहा है। एक स्टडी के अनुसार, criminals made a record 14 billion dollars in 2021. केरल के अंदर Abdul Gafoor नाम का एक व्यक्ति पकड़ा गया है, जो क्रिप्टोकरेंसी के फेक रैकेट में शामिल था। इस 1,200 करोड़ के रैकेट में कई लोग पकड़े गए है। अब एक अप्रैल से पहले-पहले investors started parking these currencies in private wallets. 8 billion dollar worth crypto assets is expected to go out of country.

महोदय, मैं ऑनलाइन गेमिंग के बारे में भी कुछ कहना चाहता हूँ। ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर gambling हो रही है। मैं गेमिंग के विरोध में नही हूँ। एक अनुमान है कि 2022 के अंदर केवल fantasy game की 2.8 बिलियन डॉलर की इंडस्ट्री होगी। केवल ऑनलाइन गेमिंग, हीं नहीं Online Landing को भी कैसे regulate किया जाए? आज का समाचार है कि करीब 40 से ज्यादा Digital lending applications found to be run by Chinese nationals. ऑनलाइन लेंडिंग, सोशल मीडिया, EdTech, ये जो नई टेक्नोलॉजीज हैं, इन्हें कैसे regulate किया जाए? यह जो आईटी कानून बना हुआ है, यह 20 साल पुराना है। मैं सरकार से आग्रह करूँगा की आईटी एक्ट को नए सिरे से ड्राफ्ट किया जाए, ताकि वह वर्तमान की चुनौतियों का मुकाबला कर सके।

इसके साथ ही, मैं निर्मला जी से भी आग्रह करूँगा कि IMF, World Bank, Financial Stability Board के साथ मिलकर device a framework, बहुत जल्द एक पेपर पब्लिश किया जाए, ताकि Public Consultation प्रारम्भ हो सके कि क्रिप्टो क्या है? NFT क्या है? क्या किया

जाना चाहिए। वर्चुअल डिजिटल करेंसी की जो घोषणा की गई है, उस पर भी जल्द से जल्द विचार किया जाए।

महोदय, क्रिप्टोकरेंसी की बिक्री पर केवल 18% जीएसटी लगता है, वह भी जो सर्विस प्रोवाइडर है, जो exchange चलाने वाले लोग हैं, वे जो सर्विस प्रोवाइड करते हैं, उस पर 18% टैक्स लगता है। मैंने इसे Zero Hour में भी उठाया था, because it is no asset, nor security, nor commodity, nor goods, nor service and cryptos are similar to lottery, casinos, betting, gambling, horse racing और इन सारी चीजों की पूरी transaction value पर 28% टैक्स लगता है। अगर आप लॉटरी में 100 रूपये लगाएं, तो आपको 28 रूपये टैक्स देना पड़ेगा। अगर आप Casino में 1,000 रूपये की Bet लगाएँ, तो आपको 28% टैक्स देना पड़ेगा और गोल्ड पर भी 3% जीएसटी पूरे transaction पर देना पड़ेगा। इसलिए भले ही वह 0.1% हो, लेकिन क्रिप्टो की जो total transaction value है, उस पर जीएसटी लगाने के बारे में विचार करना चाहिए।

महोदय, इस सदन में बैंकों पर काफी चर्चा होती रही है। के.वी. कामथ, जो इंडियन बैंकिंग के गुरू माने जाते हैं, उन्होंने पिछले दिनों एक लेख में लिखा – In more than 50 years, I have been in banking business. I have never seen their balance sheets as clean and healthy as today in terms of bad assets. हमने 50 सालों में आज तक बैंकों की इतनी बेहतर व्यवस्था को नहीं देखा है।

SHRI SUSHIL KUMAR MODI (CONTD) : India's banking industry is in its best shape in terms of quality of assets and quantum of capital. Indian Rating and Research रेटिंग एजेंसी का मत है – Banking system health is at best in decades.

महोदय, 2014 में बैकों का NPA 2.16 लाख करोड़ था जो 2018 में 5 गुणा बढ़कर 10.36 लाख करोड़ हो गया। मैं सदन को बताना चाहूँगा कि अगर एनपीए बढ़ा, तो वह इसलिए बढ़ा, क्योंकि UPA के 10 साल के कार्यकाल के अंदर aggressive lending किया गया। लोगों को टेलिफोन पर बैंकों से पैसा दिया जाता था, पैरवी के आधार पर दिया जाता था, इसलिए वर्ष 2008 में जहाँ 25 लाख करोड़ बैंकों की lending थी, वह छः साल में बढ़कर 68 लाख करोड़ हो गई।

नरेन्द्र मोदी जी की सरकार बनते ही asset quality review हेतू एक कमिटी बनाई गई। रिव्यू किया गया और एनपीए के कारणों का आइडेंटिफाई करना प्रारम्भ किया। कानून में प्रावधानों को कठोर किया गया। SARFAESI Act. में तीन महीनें की जेल का प्रावधान किया गया। अगर कोई willful defaulter है, तो debarred from floating new venture for five years. यदि वह कंपनी में डायरेक्टर है, तो कैपिटल मार्केट में कोई नया इश्यू रेज़ नहीं कर सकता है। महोदय, इन सारी चीजों का परिणाम हुआ कि 31 मार्च, 2018 को जहाँ एनपीए 11.18 परसेंट था, वह एनपीए वर्ष 2021 में घटकर 6.39% हो गया। यह है नरेन्द्र मोदी की सरकार, जिनके कार्यकाल में बैंकों की हालत बेहतर हुई है।

महोदय, बैंकों को कैपिटल की आवश्यकता थी। जब बैंकों की हालत खराब होने लगी तो सरकार ने बैंकों को कैपिटल देने शुरू किया। This Government has provided 3.60 लाख करोड़ to the banks as capital infusion. वर्ष 2018 में एनपीए के कारण बैंकों की हालात खराब थी, तब 90,000 करोड़ infuse किया गया, वर्ष 2019 में 1,06,000 करोड़ infuse किया गया। In the year 2021-22, बजट में प्रोवाइड किया गया कि कैपिटल के रूप में 15,000 करोड. infuse करेंगे लेकिन केवल 46,00 करोड़ की आवश्यकता पड़ी और 10,000 करोड़ की बचत हो गई। वर्ष 2023-24 के बजट में कोई प्रोविजन नहीं किया गया है, क्योंकि बैंकों में सरकार को कैपिटल Infuse करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

महोदय, आज बैंकों की स्थिति बेहतर हुई है, उनकी आमदनी बढ़ गई है। एसबीआई को जहाँ वर्ष 2016-17 में 1,300 करोड़ का लॉस था, वहीं वर्ष 2021 में 20,000 करोड़ का प्रॉफिट हुआ। बैंक ऑफ बड़ौदा का जहाँ वर्ष 2018-19 में Rs. 8,000 Crores का लॉस था, वहीं अब Rs. 828 crores का प्रॉफिट है। Punjab National Bank को जहाँ वर्ष 2019-20 में 8,000 करोड़ का लॉस था, वहीं वर्ष 2020-21 में उसे Rs. 2,000 crore का प्रॉफिट है।

महोदय, Congress के लोग corruption के खिलाफ लड़ाई की बात करते हैं। चुनाव में कहा जाता था कि नीरव मोदी, नरेन्द्र मोदी, आपने भगा

दिया।... (व्यवधान).. उपसभापति महोदय, मैं सदन को बताना चाहूँगा कि विजय माल्या , नीरव मोदी और मेहल चौकसी , जिन्होंने Rs. 22,585 करोड़ का fraud करके public sector banks के पैसे को siphon किया था, divert किया था, out of that Rs. 22,585 crores, Rs. 19,111 crores की प्रॉपर्टी attach की जा चुकी है। Rs. 15,113 crores की संपति बैंकों को वापस सौंप दी गई है। इतना नही नहीं, बैंकों को जो 15,113 करोड़ की संपति वापस मिली, उसको बेचकर बैंकों ने 8,000 करोड़ की राशि प्राप्त कर ली है। महोदय, नरेन्द्र मोदी से कोई बचकर नही जा पाएगा, चाहे वह विजय माल्या हो, नीरव मोदी हो या मेहुल चौकसी हो।

